ई-पेपर
डिजिटल संस्करण
निःशुल्क

Seemanchal LIVE
सीमा की हर हलचल पर नज़र

2 पृष्ठ
पढ़ें और साझा करें
seemanchallive.com

वर्ष 1 · अंक 3 | अपडेट: 6:00 am | पूर्णिया · सीमांचल · बिहार | मंगलवार, 10 नवंबर 2026 | पृष्ठ 1/2

बिहार

आरटीआई सूचना देने में लापरवाही पर ग्रामीण कार्य विभाग मधुबनी को फटकार, प्रथम अपीलीय प्राधिकार ने कहा- उदासीनता दर्शाता है कृत्य



मधुबनी। सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराने और प्रथम अपील की सुनवाई में अनुपस्थित रहने के मामले में ग्रामीण कार्य विभाग, मधुबनी के लोक सूचना पदाधिकारी को प्रथम अपीलीय प्राधिकार ने कड़ी टिप्पणी की है। प्राधिकार ने अपने आदेश में कहा कि लोक सूचना पदाधिकारी का कृत्य आरटीआई अधिनियम के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है।

स्वतंत्र लेखक एवं पत्रकार प्रदीप कुमार नायक ने राजनगर से 24 अगस्त 2026 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से लोक सूचना पदाधिकारी-सह-कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल मधुबनी से सूचना मांगी थी। निर्धारित समय सीमा में सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई और न ही आवेदन को संबंधित कार्यालय में हस्तांतरित किया गया। इसके बाद आवेदक ने 6 अक्टूबर 2026 को प्रथम अपील दायर की।

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/madhubani-rural-works-department-rti-negligence-appellate-authority

सीमांचल

अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे पर पप्पू यादव का हमला, बोले- राम के नाम पर सत्ता चाहती है सपा



नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के प्रस्तावित अयोध्या दौरे को लेकर निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राम मंदिर और भगवान राम से जुड़े मुद्दे पर ...

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/pappu-yadav-attacks-akhiles...

देश

धर्मेंद्र प्रधान ने दिवाली और छठ की दी शुभकामनाएं, बोले- देश में शांति, सद्भाव और भाईचारा बढ़े



पटना। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिवाली और आगामी छठ महापर्व के अवसर पर देशवासियों एवं बिहार के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छठी मैया से सभी पर आशीर्वाद बनाए ...

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/dharmendra-pradhan-diwali-...

ताज़ा ख़बरें

12:44 pm
संघ की 100 साल की यात्रा स्वयंसेवकों के योगदान का परिणाम: मोहन भागवत
नागपुर, महाराष्ट्र। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ...

12:38 pm
खड़गे की दिवाली-ईद टिप्पणी पर संजय सरावगी का हमला, बोले- कांग्रेस कर रही तुष्टीकरण की राजनीति
पटना। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की दिवाली और...

12:35 pm
कटिहार में महादलित बस्ती में जिला पदाधिकारी ने मनाई दिवाली, मिठाइयां और दीप बांटकर साझा की खुशियां
कटिहार। दीपावली के पावन अवसर पर कटिहार के जिला पदाधिकारी श्री आशुतोष द्विवेदी ने...

अंदर के पन्नों पर

पृष्ठ 2 · बिहार: तेजस्वी यादव ने बिहारवासियों को दी दिवाली की शुभकामनाएं, बोल...

विज्ञापन

iSunix BROADCAST

बिहार

तेजस्वी यादव ने बिहारवासियों को दी दिवाली की शुभकामनाएं, बोले- मिलकर देश की तरक्की में योगदान दें



पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने दिवाली के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लोगों से आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता के साथ त्योहार मनाने तथा देश की प्रगति में योगदान देने की अपील की।

तेजस्वी यादव ने कहा कि दिवाली के मौके पर लोग एक साथ मिलकर त्योहार की खुशियां मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिल-जुलकर पर्व मनाना भारत की संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है।

राजद नेता ने कहा कि दिवाली उनके लिए व्यक्तिगत रूप से भी बेहद खास है, क्योंकि उनका जन्म दिवाली के दिन हुआ था। उन्होंने इस पर्व को अपने जीवन से जुड़ा विशेष अवसर बताया।

सभी के सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना

तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी कामना है कि भगवान सभी लोगों को सुख, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करें। उन्होंने कहा कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति आगे बढ़े और देश की तरक्की में अपना योगदान दे।

उन्होंने कहा, "आइए, हम सभी मिलकर दिवाली मनाएं और देश की प्रगति में योगदान दें। यही हमारी कामना है।"

तेजस्वी यादव ने अपने संदेश में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और सामूहिक विकास पर जोर देते हुए सभी बिहारवासियों को दिवाली की बधाई दी।

पूरी ख़बर: seemanchallive.com/news/tejashwi-yadav-diwali-greetings-to-biharis

विज्ञापन

iSunix
BROADCAST
NEXT GENERATION BROADCAST AUTOMATION